# श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, माननीय स०वि०स० से प्राप्त
## निवेदन संख्या-397/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| पूर्वी चम्पारण जिला के आदापुर प्रखंड अंतर्गत मझरिया पंचायत के हरकाटवा ग्राम में दूधौरा नदी से हो रहे कटाव के कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस कटाव से कृषि योग्य भूमि और आस-पास के क्षेत्रों को क्षति पहुँचने की संभावना बनी रहती है। जनहित में सुरक्षा हेतु दुधौरा नदी में कटाव निरोधक कार्य कराया जाना आवश्यक है ।<br><br>अतः मैं उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य (Flood Protection Work) सुचारू रूप से कराने हेतु सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ । | वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिला के आदापुर प्रखण्ड अंतर्गत मझरिया पंचायत के हरकटवा ग्राम में दुधौरा नदी प्रवाहित होती है, जो एक बरसाती नदी है जिसका उद्गम नेपाल के अमलेखगंज के निकट होता है। भारतीय सीमा में यह नदी प्रवेश के बाद करीब 41.00 कि.मी. पर यह नदी तिलावे नदी में मिल जाती है।<br><br>उक्त नदी पर विभाग द्वारा निर्मित कोई तटबंध अवस्थित नहीं है। अतिवृष्टि की स्थिति में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण आसपास के क्षेत्रों में अल्प अवधि के लिए जल का फैलाव होता है। वर्षा की तीव्रता कम होने एवं नदी के जलस्तर में कमी आने के पश्चात् जल स्वतः नदी की धारा में वापस चला जाता है।<br><br>वर्तमान में उक्त स्थल पर नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है, जिसकी प्रवृत्ति घटने की है तथा स्थल में कतिपय स्थानों पर नदी के जल के घटने के क्रम क्षरण परिलक्षित हुआ है।<br><br>स्थल पर नदी तट के समीप कच्चे मकान अवस्थित है जो वर्तमान में यह सुरक्षित है।<br><br>बाढ़ अवधि के दौरान प्रश्नगत् स्थल पर सतत् निगरानी एवं चौकसी बरती जा रही है एवं कटाव परिलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा। साथ ही बाढ़ अवधि के उपरान्त तकनीकी संभाव्यता के आधार स्थल के सुरक्षार्थ कार्रवाई की जाएगी। |

# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मुज0)–03–21/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–993 दिनांक–05.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–397/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मुज0)–03–21/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मुज0)–03–21/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मुज0)–03–21/2026– 3744 पटना, दिनांक– 20/08/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.8.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
19.8.26